हाथरस (आनन्दपुरी कालोनी), उ0प्र0

- अमरपुरघना में आजादी के अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत की ओर के तहत क्रिकेट खिलाड़ियों का किया प्रोत्साहन

धौनी की तरह कूल और नशे से दूर रहने का किया आव्हान.......

युवा देश की शान हैं। युवाओं को खेल के साथ–साथ स्वयं को नशे की लत से दूर रखने का प्रयास भी करना चाहिए। हिन्दुस्तान में सतोगुणी भोज्य पदार्थों की कमी नहीं है। खेल के साथ राजयोग भी नशे का उपचार है। उक्त विचार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के आनन्दपुरी कालोनी केन्द्र संचालिका बी0के0 शान्ता बहिन ने अमरपुरघना में आयोजित टी–20 क्रिकेट टूर्नामेण्ट के शुभारम्भ अवसर पर दोनों टीमों के खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किये।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की मेडीकल विंग और खेल प्रभाग के सानिध्य में खिलाड़ियों को प्रोत्साहित और चारित्रिक उत्थान की प्रेरणा देने के लिए संगठन की ओर से ब्रह्मावत्सों ने सहभागिता की। आजादी के अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत की ओर के तहत क्रिकेट खिलाड़ियों का किया प्रोत्साहन किया गया।

इससे पूर्व पुलिस फेमिली वैल्फेयर सोसायटी की अध्यक्षा विभा वैद्य एवं बी0के0 शान्ता बहिन ने बॉल खेलकर टूर्नामेण्ट का ऑपचारिक शुभारम्भ किया। हाथरस और मैण्डू की टीम के कप्तान क्रमशः शान मोहम्मद और मोहम्मद इमरन के बीच प्रथम मैच का टॉस आदित्य वर्मा आई0पी0एस0 43 पी0ए0सी0 बटालियन कमाण्डेंट आदित्य वर्मा तथा संयोजक इंजीनियर संजय सिकरवार ने कराया।

संचालन करते हुए बी0के0 दिनेश भाई ने कहा कि युवा क्रिकेट खिलाड़ी को सफल होने के लिए भारतीय टीम के पूर्व सफल महान कप्तान महेन्द्र सिंह धौनी से ठण्डा–ठण्डा कूल–कूल तथा नशे से मुक्त रहने की प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा को युवाओं के नशे की बीमारी से दूर रखने का भी आव्हान किया।

कार्यक्रम में पर्यावरण संस्था नीवो के अध्यक्ष प्रदीप शर्मा ने तुलसी के पौधों का वितरण किया। इस अवसर पर बी0के0 कोमल बहिन, राकेश शर्मा, गजेन्द्र भाई, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष जुगेन्द्र सिंह, राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यन्त परमार, प्रदेश मंत्री देवेन्द्र सिंह तौमर, पी0एन0बी0के पूर्व प्रबन्धक राकेश अग्रवाल, पूर्व प्रबन्धक प्रवीण भटट सहित गाँव के अनेक गणमान्यजन तथा बहुत सी तादात में युवा उपस्थित थे।

pdfMachine
Is a pdf writer that produces quality PDF files with ease!
Produce quality PDF files in seconds and preserve the integrity of your original documents. Compatible across nearly all Windows platforms, if you can print from a windows application you can use pdfMachine.
Get yours now!